# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांकः–एफ( )गोगुजवि/बाँस/परीक्षा/2024–25/1229 दिनांक–21.12.2024

## अधिसूचना 2025(वार्षिक)/5

विश्वविद्यालय परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के अधोलिखित कक्षाओं (वार्षिक परीक्षा पद्धति) परीक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र (**समस्त विद्यार्थी नियमित एवं पूर्व विद्यार्थी***) आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने की **संशोधित** तिथियॉ निम्नानुसार हैं–

| क्र. स. | पाठ्यक्रम का नाम | केटेगरी | आवेदन पत्र प्रारम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि (बिना विलम्ब शुल्क) | विलम्ब शुल्क (200 रूपया) अन्तिम तिथि | विलम्ब शुल्क (500 रूपया) अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्नातक<br>बीए, बीएससी, बी.कॉम, बीसीए<br>द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष | नियमित एवं पूर्व विद्यार्थी छात्र | 09.12.2024 | 01.01.2025 | 08.01.2025 | 15.01.2025 |
| 02 | स्नातकोत्तर<br>एमए, एमएससी, एम.कॉम<br>उत्तरार्द्ध | | | | | |

**विशेष ध्यातव्य–:**

1. इस अधिसूचना क्र.सं. 01 के तहत सत्र 2022–23 में स्नातक प्रथम वर्ष एवं सत्र 2023–24 में स्नातक द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण विद्यार्थी आवेदन करेंगे। इस कैटेगरी के अलावा अधोलिखित स्थितियों में स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध में परीक्षा आवेदन भरें जाएंगे।
2. उक्त अधिसूचना क्र.सं. 02 के तहत NEP पाठ्यक्रम लागू होने (सत्र 2023–24) से पूर्व स्नातक बीए, बीएससी, बी.कॉम, बीसीए वार्षिक पद्धति के प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण एवं प्रोन्नत होने वाले विद्यार्थियों जिनके पूर्व कक्षा के परिणाम उपरांत अधिकतम दो सत्र का अंतराल रहा है, के लिए है।
3. उक्त अधिसूचना NEP पाठ्यक्रम लागू होने (सत्र 2023–24) से पूर्व स्नातकोत्तर एमए, एमएससी, एम.कॉम वार्षिक पद्धति के पूर्वार्द्ध में उत्तीर्ण एवं प्रोन्नत होने वाले विद्यार्थियों जिनके पूर्व कक्षा के परिणाम उपरांत अधिकतम दो सत्र का अंतराल रहा है, के लिए है।
4. पूर्व सत्रों के वार्षिक पद्धति में सम्मिलित रहे विद्यार्थी वार्षिक पद्धति में ही परीक्षा देंगे। ऐसे विद्यार्थी NEP सेमेस्टर पद्धति में शामिल नही होंगे।
5. बिन्दु सं. 1 के अलावा स्नातक (बीए, बीएससी, बी.कॉम, बीसीए) द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा हेतु निम्नानुसार पात्रता है।

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | पूर्व कक्षा एवं परिणाम | सत्र 2020–21 | सत्र 2021–22 | सत्र 2022–23 | सत्र 2023–24 | सत्र 2024–25 | सत्र 2025–26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीए, बीएससी, बी.कॉम, बीसीए | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | लागू नही | लागू नही | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | गेप | द्वितीय वर्ष हेतु पात्र | द्वितीय/तृतीय वर्ष हेतु पात्र |
| | | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | लागू नहीं | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | गेप | गेप | द्वितीय वर्ष हेतु पात्र | तृतीय वर्ष हेतु अंतिम अवसर |
| | | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | गेप | गेप | गेप | अपात्र | स्नातक उपाधि समय सीमा समाप्त |
| | | द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | गेप | द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण/प्रोन्नत | गेप | तृतीय वर्ष हेतु अंतिम अवसर | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण / प्रोन्नत | प्रथम वर्ष उत्तीर्ण / प्रोन्नत | द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण / प्रोन्नत | गेप | गेप | तृतीय वर्ष हेतु अंतिम अवसर | स्नातक उपाधि समय सीमा समाप्त |
| | | द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण / प्रोन्नत | द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण / प्रोन्नत | गेप | गेप | गेप | अपात्र एवं स्नातक उपाधि समय सीमा समाप्त | – |

6. स्नातकोत्तर (एमए, एमएससी, एम.कॉम) कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा हेतु निम्नानुसार पात्रता है।

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | कक्षा | सत्र 2021–22 | सत्र 2022–23 | सत्र 2023–24 | सत्र 2024–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमए, एमएससी, एम.कॉम | पूर्वार्द्ध उत्तीर्ण / प्रोन्नत | लागू नही | पूर्वार्द्ध उत्तीर्ण / प्रोन्नत | गेप | उत्तरार्द्ध हेतु पात्र |
| | | पूर्वार्द्ध उत्तीर्ण / प्रोन्नत | पूर्वार्द्ध उत्तीर्ण / प्रोन्नत | गेप | गेप | उत्तरार्द्ध हेतु अंतिम अवसर |

7. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के प्रवेश नीति 2024 के उपबंध 2.3.1 एवं 3.1.7 अनुसार पूर्व कक्षा के उपरांत अधिकतम दो शैक्षणिक सत्रों का अंतराल मान्य है। इस अवधि से अधिक का अंतराल प्रवेश हेतु मान्य नही है।
8. अंतराल / गेप विद्यार्थियों को अंतराल का प्रमाण पत्र (नोटरी युक्त) ऑनलाईन अपलोड करना पड़ेगा एवं आवेदन पत्र की हॉर्डकापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य रहेगा।(फॉर्मेट आवेदन पत्र भरने की साईट पर उपलब्ध होगा)
9. समस्त नियमित, पूर्व विद्यार्थी आवेदन करने की अन्तिम तिथि के बाद आगामी तीन दिन में आवेदन पत्र मय समस्त दस्तावेज अनिवार्यतः सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करेंगे।
10. आवेदन पत्र की हार्ड प्रति जमा नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थी के परीक्षा आवेदन की आगामी प्रक्रिया प्रोसेस नही की जा सकेगी।
11. प्रायोगिक विषय / विषयों के विद्यार्थी सर्वप्रथम महाविद्यालय में नियमित प्रवेश लेंगे। उक्त विद्यार्थी स्वयंपाठी नही हो सकेंगे।
12. अंतराल अवधि में यदि विद्यार्थी ने कोई उपाधि / डिप्लोमा अन्य विश्वविद्यालय से प्राप्त किए हो, उन्हें संबंधित विश्वविद्यालय का मूल माइग्रेशन प्रमाण पत्र एवं संबंधित संस्था का स्थानान्तरण पत्र (टीसी) जमा कराना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।
13. **आवेदन पत्र के साथ पूर्व कक्षा / कक्षाओं के समस्त अंकतालिकाएं (स्व–सत्यापित) प्रति जमा करवाना अनिवार्य है। समस्त दस्तावेज मय आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य हैं।**
14. आवेदन पत्र पूर्व वर्षो के डेटा के आधार पर ही भरा जाएगा।
15. निजी महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र निजी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा संबंधित कॉलेज पैनल से भरे जाएंगे। आवेदन पत्र भरने के संबंध में समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का रहेगा।
16. विशेषः– अन्य बोर्ड एवं जीजीटीयू परिक्षेत्र के बाहर विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी अनिवार्यतः माइग्रेशन प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।
17. किसी भी विद्यार्थी के अपात्र होने के बावजूद आवेदन पत्र भरे जाने की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय / विद्यार्थी की रहेगी।

परीक्षा नियन्त्रक

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)